# शीशा तम्बाकू से सम्बन्धित संशोधन

व्यापार के लिए सूचना-पत्र

व्यापारों के लिए यह सूचना-पत्र विक्टोरिया के तम्बाकू नियंत्रण कानूनों का सारांश है जो शीशा तम्बाकू की बिक्री, विज्ञापन और प्रयोग पर लागू होते हैं।

## संशोधन

*तम्बाकू अधिनियम 1987* (the Tobacco Act) के अधीन, ऐसे शीशा तम्बाकू, जिनमें **किसी भी मात्रा** में तम्बाकू शामिल हो, की बिक्री, विज्ञापन और प्रयोग को **1 अगस्त 2017** से सिगरेट और सिगार जैसे अन्य तम्बाकू उत्पादों के समान ही माना जाएगा।

इन बदलावों का अर्थ यह है कि शीशा तम्बाकू का उपयोग निम्न स्थितियों में वर्जित है: -

- उन स्थानों पर इसका प्रयोग जहाँ धूम्रपान वर्जित हो
- 18 साल से कम आयु वाले किसी व्यक्ति को बेचा जाना
- बिक्री के स्थान पर प्रदर्शित या विज्ञापित किया जाना
- किसी अस्थायी केंद्र (आउटलेट) जैसे कि किसी गाड़ी से इसे बेचा जाना
- शीशा या शीरा तम्बाकू उत्पादों की बिक्री का प्रचार करने के लिए मुफ़्त में इसे देना या मुफ़्त देने की पेशकश करना।

ये बदलाव कॉमनवेल्थ (राष्ट्रमंडल) के तम्बाकू प्लेन पैकेजिंग कानूनों के भी अनुकूल हैं, जो शीशा तम्बाकू उत्पादों को ग्राफिक रूप में स्वास्थ्य चेतावनी प्रदान करने वाली तस्वीरों के साथ अनिवार्य प्लेन पैकेजिंग में पैक करना आवश्यक बनाते हैं।

फल या जड़ी-बूटी (हर्बल) आधारित उत्पादों जिनमें तम्बाकू न हो, पर ये कानून लागू नहीं होते हैं।

## कानून का अनुपालन करना

### वे स्थान जहाँ शीशा तम्बाकू का धूम्रपान वर्जित है।

उन सभी स्थानों पर शीशा तम्बाकू का धूम्रपान वर्जित है जहाँ तम्बाकू अधिनियम के अधीन धूम्रपान  करना  मना है। इनमें चारों तरफ़ से बंद कार्यस्थल जैसे कैफ़े, लाउंज़ और लाइसेंस प्रात परिसर शामिल हैं।  1 अगस्त 2017 से निम्नलिखित स्थानों पर भी धूम्रपान पर रोक लगेगी:

- बाहरी डाइनिंग (बाहर बैठकर भोजन करने के) क्षेत्र
- बाहरी ड्रिंकिंग क्षेत्र (बाहर बैठकर मदिरापान करने के) क्षेत्र यदि कोई भाग बाहरी डाइनिंग क्षेत्र के 4 मीटर के घेरे में आता हो जब तक इसे किसी ऐसी दीवार से अलग न किया गया हो जो कम से कम 2.1 मीटर ऊँची हो।

नए कानून का अनुपालन करने के लिए, शीशा कैफ़े और लाउंज जैसे व्यापारों को अपने संचालनों और कार्य-प्रणालियों में बदलाव करने होंगे।

ये बदलाव समुदाय के स्वास्थ्य और कल्याण को बेहतर बनाने और इनकी सुरक्षा करने के लिए तैयार किए गए हैं। ये कार्यस्थल पर धूम्रपान की रोक में विस्तार करते हैं जिससे कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को सुरक्षित करने में मदद मिलती है।

प्रभावित व्यापार किसी ऐसे बाहरी स्थान का प्रयोग करने पर विचार कर सकते हैं जो उनके व्यापारिक स्थान (वेन्यू) से जुड़ा हो और जहाँ धूम्रपान पर रोक न हो। व्यापारों को शीशा तम्बाकू के प्रयोग के लिए फ़ुटपाँथ क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति के बारे में अपनी स्थानीय काउंसिल से बात करनी चाहिए।

### शीशा तम्बाकू बेचना

मैनेजरों और कर्मचारियों को शीशा तम्बाकू बेचने के पहले यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जिस व्यक्ति को वे इसे बेच रहे हैं, उसकी आयु 18 साल से अधिक है। कई स्थितियों में उन्हें स्वीकार-योग्य पहचान पत्र की मांग करनी पड़ेगी।

यह सुनिश्चित करना मैनेजरों की जिम्मेदारी है कि कर्मचारी कानून के अनुसार शीशा तम्बाकू बेचते हैं। मैनेजर हर छ: महीने बाद कर्मचारियों को प्रशिक्षित करके और अपने कर्मचारियों से लिखित रूप में यह पुष्टि प्राप्त करके कि उन्होंने यह प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है, जुर्माने से बच सकते हैं। प्रशिक्षण में शामिल होना चाहिए कि:

- कर्मचारियों को 18 साल से कम आयु वाले व्यक्तियों को शीशा तम्बाकू नहीं बेचना चाहिए
- कर्मचारियों को किसी ऐसे व्यक्ति को शीशा तम्बाकू बेचने से पहले जिसकी आयु 18 साल से कम लगती हो, उससे उसका पहचान-पत्र माँगना और देखना चाहिए
- यदि कर्मचारी 18 साल से कम आयु वाले किसी व्यक्ति को शीशा तम्बाकू बेचते हैं, तो वे अपराध कर रहे हैं और उन्हें जुर्माना लग सकता है।

### शीशा का प्रदर्शन और विज्ञापन

व्यापारों को यह सुनिश्चित करने की ज़रूरत होगी कि बिक्री के लिए उपलब्ध शीशा तम्बाकू और इससे जुड़ा विज्ञापन दुकान के अंदर या बाहर कहीं से भी दिखाई नहीं पड़ना चाहिए।

शीशा तम्बाकू को अन्य तम्बाकू उत्पादों के समान किसी अलमारी में या काउंटर के पीछे रखा जा सकता है।

VICTORIA State Government | Health and Human Services

## बदलाव के कारण

2006 से, विक्टोरिया में चारों तरफ़ से बंद कार्यस्थलों में धूम्रपान वर्जित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध उन शीशा तम्बाकू पर लागू होता है जिनका **मुख्य** संघटक तम्बाकू हो।

हाल ही में किए गए बदलाव शीशा तम्बाकू से सम्बन्धित कानूनों का विस्तार करके उन सभी शीशा पर ये कानून लागू होए हैं जिनमें किसी भी मात्रा में तम्बाकू हो।

ऐसा सामुदायिक स्वास्थ्य की सुरक्षा करने और तम्बाकू से सम्बन्धित रोगों व बीमारियों को कम करने के लिए किया जाता है।

नए कानूनों का उद्देश्य निम्नलिखित है:

- शीशा कैफ़े और लाउंज़ जैसे चारों तरफ़ से बंद कार्यस्थलों में स्वयं धूम्रपान न करने पर भी, धूम्रपान करने वाले अन्य व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा छोड़े गये धुएं में साँस लेने के कारण) परोक्ष धुएँ के नुकसानदायक प्रभावों से कर्मचारियों और उपभोक्ताओं को सुरक्षित करना
- 18 साल से कम आयु के लोगों को शीशा तम्बाकू खरीदने और इस तक पहुँचने से रोकना
- शीशा तम्बाकू के धूम्रपान और सेवन को रोकना, विशेषकर बच्चों और युवाओं में, जो इस प्रकार के धूम्रपान के प्रति आकर्षित हो सकते हैं
- जो लोग धूम्रपान छोड़ने का प्रयास कर रहे हैं, या जिन्होंने हाल ही में धूम्रपान छोड़ा है, उनकी सहायता करना
- अन्य तम्बाकू उत्पादों को नियंत्रित करने के तरीके में अनुरूपता (कंसिस्टेंसी) प्रदान करना।

### स्वास्थ्य से जुड़े खतरे

इस बात के ठोस प्रमाण हैं कि शीशा तम्बाकू का धूम्रपान करने और इसके धुएँ के प्रभाव से नुकसानदायक स्वास्थ्य खतरे पैदा होते हैं। शीशा तम्बाकू का प्रयोग करने वाले लोग और शीशा तम्बाकू के परोक्ष धुएँ से प्रभावित लोगों को उसी प्रकार की कई बीमारियों और रोगों के होने का खतरा होता है जो सिगरेट पीने से पैदा होती हैं जिनमें शामिल हैं – फेफडे का कैंसर, सांस लेने से सम्बन्धित रोग और गर्भावस्था के दौरान नवजात शिशु का वजन कम होना।

यह आम गलतफ़हमी है कि सिगरेट पीने की बजाए शीशा तम्बाकू एक सुरक्षित विकल्प है। यह गलत है। शीशा तम्बाकू का सेवन करने वाले लोग सिगरेट पीने की तुलना में इसके समान या इससे अधिक स्तर के नुकसानदायक रसायनों से प्रभावित हो सकते हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organization) के अनुसार, शीशा तम्बाकू का धूम्रपान करने के एक सत्र में इतना धुआँ सांस से आपके अंदर जा सकता है जितना 100 सिगरेट पीने से जाता है।[1]

## जुर्माने

जुर्माने सिगरेट और सिगार जैसे अन्य तम्बाकू उत्पादों के समान ही हैं। उदाहरणत:, यदि आप अपने व्यापार में चारों तरफ़ से बंद किसी कार्यस्थल या किसी बाहरी डाइनिंग क्षेत्र, जो धूम्रपान-मुक्त क्षेत्र हैं, में शीशा तम्बाकू का धूम्रपान करने की अनुमति देते हैं, तो आपको दो पेनल्टी युनिट्स का जुर्माना लग सकता है, जो 2017-18 में $317 के बराबर है।[2]

## अधिक जानकारी

अधिक जानकारी के लिए:

- तम्बाकू सूचना सेवा को 1300 136 775 पर फोन करें
- तम्बाकू संशोधन वेबसाइट <www.health.vic.gov.au/tobaccoreforms> देखें।

1 अगस्त 2017 से कानून की एकदम सही शब्दावली देखने के लिए, विक्टोरिया सरकार की कानून से सम्बन्धित वेबसाइट <www.legislation.vic.gov.au> पर जाएँ और *Tobacco Act 1987* कीसर्च करें।

इस प्रकाशन को एक सुलभ फॉर्मेट में प्राप्त करने के लिए तम्बाकू सूचना सेवा को 1300 136 775 पर फोन करें, यदि ज़रूरत हो तो इसके लिए 13 36 77 पर नेशनल रिले सेवा का प्रयोग करें, या tobaccopolicy@health.vic.gov.au पर ई-मेल करें।

विक्टोरियाई सरकार, 1 Treasury Place, Melbourne द्वारा प्राधिकृत एवं प्रकाशित।

© विक्टोरिया राज्य, मई, 2017.

**अस्वीकरण:** कृपया ध्यान दें कि इस सूचनापत्र में शामिल किसी प्रकार का -पत्र में शामिल -परामर्श केवल सामान्य मार्गदर्शन के लिए है। इस सूचना किसी परामर्श पर निर्भरता के फलस्वरूप हुई किसी हानि या क्षति के लिए Department of Health and Human Services कोई जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करता है। इस सूचनापत्र में शामिल किसी जानकारी को -उचित कानूनी सलाह के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए।

ISBN: 978-0-7311-7161-3

निम्नलिखित वेबसाइट पर उपलब्ध
www.health.vic.gov.au/tobaccoreforms

[1] विश्व स्वास्थ्य संगठन 2005, W*वाटरपाइप तम्बाकू धूम्रपान: स्वास्थ्य प्रभाव, अनुसंधान संबंधी ज़रूरतें और नियामकों द्वारा अनुशंसित कार्यवाहियाँ, विश्व स्वास्थ्य संगठन, जिनेवा*

[2] पेनल्टी युनिट्स हर साल अनुक्रमित किए जाते हैं। 2017-18 में एक पेनल्टी युनिट $158.57 के बराबर है।